INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	**Department: Hindi**	
पाठ-3 चाँद से थोड़ी गप्पें	Topic -प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book.

पाठ – 3 'चाँद से थोड़ी गप्पें' (कविता)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न – 1 चाँद की पोशाक पर क्या जड़ा है?
उत्तर :- चाँद की पोशाक पर तारे जड़े हैं ।

प्रश्न – 2– लड़की किससे बातें कर रही है ?
उत्तर :- लड़की चाँद से बात कर रही है ।

प्रश्न – 3 – चाँद कैसा है ?
उत्तर :- चाँद गोल है पर घटता - बढ़ता रहता है ।

प्रश्न – 4 चाँद घटते-घटते कब गायब हो जाता है?
उत्तर :- चाँद घटते-घटते अमावस्या को गायब हो जाता है ।

प्रश्न – 5 'चारों सिम्त' का क्या अर्थ है?
उत्तर :- यहाँ 'चारों सिम्त' का अर्थ है – चारों दिशाएँ ।

प्रश्न – 6 चाँद के चेहरे का रंग कैसा है ?
उत्तर :- चाँद के चेहरे का रंग गोरा - चिट्टा है ।

प्रश्न – 7 लड़की के अनुसार चाँद की बीमारी कैसी है ?
उत्तर :- लड़की के अनुसार चाँद की बीमारी लाइलाज है ।

प्रश्न – 8 'चाँद से थोड़ी गप्पें'कविता के कवि का नाम लिखिए ।
उत्तर :- 'चाँद से थोड़ी गप्पें' कविता के कवि का नाम शमशेर बहादुर सिंह है ।

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न -1 चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?
उत्तर :-चाँद का चेहरा गोरा - चिट्टा और गोल - मटोल है और वह तिरछा नज़र आता है ।

प्रश्न -2 लड़की किससे और क्या बातें कर रही है ?

उत्तर :-लड़की चाँद से बातें करते हुए उसके आकार-प्रकार और उसकी पोशाक के बारे में बातें कर रही है।

प्रश्न -3 लड़की के अनुसार चाँद बढ़ते - बढ़ते किस स्थिति को प्राप्त करता है ?

उत्तर :-लड़की के अनुसार चाँद उस समय तक बढ़ता जाता है जब तक कि वह बिल्कुल गोल ना हो जाए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न - 1चाँद की पोशाक के बारे में कविता में क्या कहा गया है?

उत्तर:- चाँद ने पूरे आकाश को अपनी पोशाक बना लिया है, जिसमें तारे जड़े हैं। इस पोशाक में चाँद इस तरह लिपटा हुआ है कि उसके बीच से केवल उसका गोल - मटोल चेहरा ही दिखाई देता है।

प्रश्न -2 लड़की खुद को बुद्धू समझने से क्यों मना करती है ?

उत्तर:- लड़की चाँद से कहती है कि उसे चाँद के घटने- बढ़ने और तिरछे नज़र आने का कारण पता है। चाँद उसे बेवकूफ ना समझे। वह जानती है कि चाँद किसी बीमारी से पीड़ित होने के कारण इस तरह घटता -बढ़ता रहता है।

शब्दार्थ :-

1-तिरछे – टेढ़े slanting 2-जड़ा होना-लगा होना **to fixed on , to attach**

3-पोशाक – वस्त्र ,कपड़े cloths **4-चारों सिम्त - चारों ओर all around**

5-गोरा - चिट्टा,सफ़ेद fair , white **6-नज़र आना-दिखाई देना Appearance**

7-**बुद्धू-मूर्ख - foolish** **8-गोकि-यानि - it meant**

9-**निरा – एकदम absolute** 10-**घटना – कम होना decrease**

11-**बढ़ना - increase** 12-**मरज़-बीमारी illness**

व्याकरण भाग -

प्रश्न 1 - दिए गए उपसर्गों से दो - दो शब्द बनाइए –

1 –	अ	अ+ज्ञान	–	अज्ञान	,	अ+हिंसा	–	अहिंसा
2 –	आ	आ+जीवन	–	आजीवन	,	आ+मरण	–	आमरण
3 –	उप	उप+मंत्री	–	उपमंत्री	,	उप+योग	–	उपयोग
4 –	सु	सु+पुत्र	–	सुपुत्र	,	सु+लेख	–	सुलेख
5 –	ना	ना +समझ	–	नासमझ	,	ना + लायक	–	नालायक

6 – ला ला+इलाज – लाइलाज , ला+परवाह – लापरवाह
7 – अध अध +खिला – अधखिला , अध +पका – अधपका
8 – अन अन +सुनी – अनसुनी , अन +कही – अनकही

प्रश्न 2 - दिए गए प्रत्ययों से दो – दो शब्द बनाइए –

1 – दार – चमक+ दार – चमकदार , हवा + दार – हवादार
2 – वान – गुण + वान – गुणवान , दया+ वान – दयावान
3 – ता – मित्र + ता – मित्रता , सुंदर+ ता – सुंदरता
4 – ई – गरीब+ ई – गरीबी , अमीर+ ई – अमीरी
5 – कार – कला+ कार – कलाकार , चित्र +कार – चित्रकार
6 – ईला – रंग + ईला – रंगीला , रस + ईला – रसीला
7– वाला – दूध + वाला – दूधवाला , सब्जी+वाला – सब्जीवाला
8 – गर – बाजी + गर – बाजीगर , जादू +गर – जादूगर

प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए :

1 – सेवक – सेवा
2 – मानव – मानवता
3 – बच्चा – बचपन
4 – अपना – अपनापन
5 – गरम – गरमी
6 – मोटा – मोटापा
7 – सुंदर – सुंदरता
8 – सफ़ेद – सफ़ेदी
9 – दोस्त – दोस्ती
10 – जीतना – जीत

****